समाचार

आनलाईन रेवन्यू मेनेजमेंट सिस्टम से लैस हुआ निगम, करों का हो रहा आनलाईन भुगतान

(एक्सिस बैंक ने 35 नग पेड टैक्स बिल प्रिटिंग मशीन निगम को कराई उपलब्ध, जोन कार्यालयों व फील्ड में राजस्व वसूली टीम के द्वारा किया जाएगा उपयोग)

कोरबा 14 जनवरी 2025 – निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम को देय सभी प्रकार के करों के आनलाईन भुगतान हेतु आनलाईन रेवन्यू मेनेजमेंट सिस्टम से निगम को लैस किया गया है। इसी कड़ी में आज एक्सिस बैंक के द्वारा निगम को 35 नग पेड टैक्स बिल प्रिटिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई है, इन सभी मशीनों का उपयोग निगम के सभी जोन कार्यालयों में तथा राजस्व वसूली हेतु फील्ड में पहुंचे राजस्व कर्मियों के द्वारा आनलाईन कर भुगतान प्रक्रिया के दौरान किया जाएगा।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नए वर्ष की शुरूआत 01 जनवरी 2025 से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने करदाताओं को आनलाईन कर भुगतान की सुविधा दी गई है, तथा निगम द्वारा अपने सभी प्रकार के करों व देयकों का भुगतान आनलाईन सिस्टम के तहत लिया जा रहा है। आनलाईन कर भुगतान को प्रभावी बनाने हेतु निगम को आनलाईन रेवन्यू मेनेजमेंट सिस्टम से लैस किया गया है, आनलाईन रूप से कर भुगतान के पश्चात करदाताओं को त्वरित रूप से भुगतान रसीद उपलब्ध कराए जाने हेतु पेड बिल प्रिटिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा तथा इनके माध्यम से मौके पर ही तुरंत उन्हें रसीद दे दी जाएगी। निगम के आनलाईन रेवन्यू मेनेजमेंट सिस्टम के सुचारू संचालन हेतु सबलाईन आटोमेशन एण्ड इनोवेशन प्राईवेट लिमिटेड एवं एक्सिस बैंक कोरबा का सहयोग लिया जा रहा है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में एक्सिस बैंक कोरबा के प्रबंधक ने 35 नग टैक्स बिल रसीद प्रिटिंग मशीन निगम को उपलब्ध कराई तथा राजस्व निरीक्षकों, राजस्व कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के मैनेजर

सुनील पटेल, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल सहित निगम के राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

करदाता आनलाईन जमा कर सकते हैं कर राशि – निगम के सभी करदाता https://municipalcorporation.in वेबसाईट में जाकर आप्शन को फालो करते हुए आनलाईन माध्यम से निगम को देय करों का भुगतान कर सकते हैं। करदाताओं को दिए जाने वाले बिल में एक बार कोड रहेगा, इस बार कोड को स्केन कर करदाता अपने मोबाईल के माध्यम से स्वयं ही फोन पे, गुगल पे, पेटीएम, नेट बैंकिंग, यूपीआई कार्ड आदि सभी माध्यमों से करों का भुगतान कर सकते हैं। मोबाईल के माध्यम से आनलाईन कर भुगतान करने पर मैसेज के माध्यम से उन्हें भुगतान किए गए कर राशि की जानकारी मोबाईल पर प्राप्त हो जाएगी।

सभी जोन कार्यालयों में आनलाईन भुगतान – निगम द्वारा अपने सभी जोन कार्यालयों में कर भुगतान हेतु आनलाईन कर भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है तथा निगम के सभी प्रकार के करदाताओं से करों का आनलाईन भुगतान लिया जा रहा है। करदाता आनलाईन सिस्टम के माध्यम से उनके द्वारा भुगतान किए जाने वाले व भुगतान किए गए सभी प्रकार के करों का पूरा–पूरा विवरण देख सकते हैं।

समय पर करें करों का भुगतान – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम को देय करों व देयकों का भुगतान समय पर करें। उन्होने कहा है कि करों से प्राप्त राशि के माध्यम से ही निगम नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की निर्वाध उपलब्धता बनाए रखने का कार्य करता है, इसके लिए आवश्यक है कि निगम को देय करों का भुगतान समय पर किया जाए। अतः बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष के करों का भुगतान समय पर कर, नगर के विकास में अपना सहयोग दें।